# HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
# BENCH AT JAIPUR

S.B. Criminal Miscellaneous 3rd Bail Application No. 7170/2026

Shyamveer Singh Dagur S/o Shri Naulakh Singh, Aged About 33 Years, R/o Village Khijuri, Police Station Suroth, District Karauli (Raj.) (At Present Accused Petitioner Confined In Central Jail Jaipur).

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan, Through PP

----Respondent

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Lalit Gautam, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. Sudesh Saini, PP with<br>Mr. Navdeep Singh |

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Order**

**08/05/2026**

प्रार्थी–अभियुक्त की ओर से प्रस्तुत यह तृतीय जमानत प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 483 बी.एन.एस.एस. पर सुना गया। प्रार्थी–अभियुक्त का द्वितीय जमानत आवेदन पूर्व में सभी तर्कों को विचार में लेने के उपरांत दिनांक 24.03.2026 को खारिज किया गया था।

विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी–अभियुक्त का निवेदन है कि दिनांक 24.03.2026 को जमानत आवेदन खारिज होने के बाद करीब डेढ़ माह की अभिरक्षा की अवधि बढ़ चुकी है तथा अन्य सह–अभियुक्त Sag Moeson @ Arul Gnana Moeson की जमानत समकक्ष पीठ द्वारा स्वीकार की जा चुकी है।

समकक्ष पीठ द्वारा सह–अभियुक्त Sag Moeson का जमानत आवेदन स्वीकार करते हुए हस्तगत प्रकरण में प्रार्थी–अभियुक्त से मामला भिन्न होना बताया है। प्रार्थी–अभियुक्त का द्वितीय जमानत आवेदन दिनांक 24.03.2026

को सभी तर्कों को विचार में लेने के उपरांत खारिज किया गया है, उसके बाद मात्र 45 दिन की अभिरक्षा की अवधि बढ़ जाने के आधार पर यह तृतीय जमानत आवेदन स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है तथा ऐसी कोई परिस्थिति भी परिवर्तित नहीं हुई है, जिससे प्रार्थी–अभियुक्त को जमानत की सुविधा दिये जाने पर विचार किया जावे।

परिणामतः प्रार्थी–अभियुक्त की ओर से प्रस्तुत यह तृतीय जमानत आवेदन खारिज किया जाता है।

(UMA SHANKER VYAS),J

DINESH KUMAWAT /05